# उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद,

32, सिविल लाइन्स, मथुरा।

पत्रांक :– 36 /ब्र.ती.वि.प./2021–22 दिनांक: 17/05/ 2021

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मथुरा।

**विषयः उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा के अन्तर्गत परियोजनाओं हेतु आरक्षित वन भूमि के समतुल्य गैर वानिकी भूमि वन विभाग को उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक उप जिलाधिकारी, महावन जिला– मथुरा के पत्र संख्या– 1212/एसटी/2021 दिनॉक 15.04.2021 के द्वारा उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद मथुरा के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं हेतु ग्राम मादौर में ग्राम समाज की 2.8335 हेक्टे0 वन भूमि गाटा संख्या 2866 मि0 में चिन्हित कर आरक्षित कर दी गई है।

उपरोक्त भूमि से सम्बन्धित समस्त अभिलेख खसरा–खतौनी सहित अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार

भवदीय,

( नगेन्द्र प्रताप )
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

संख्या एवं दिनॉक तदैव।

प्रतिलिपि– 1– उप जिलाधिकारी, महावन (मथुरा) को इस आशय से प्रेषित कि वन विभाग द्वारा आरक्षित भूमि के वॉछित 5–5 जी.पी.एस. को–ओर्डीनेट लेने हेतु किसी सक्षम अधीनस्थ को निर्देशित करने का कष्ट करें।

2– उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

( नगेन्द्र प्रताप )
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

## कार्यालय उप जिलाधिकारी, महावन जनपद मथुरा ।

संख्या 1212/एसटी/2021 दिनांक 15 अपैल, 2021

उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद,
मथुरा ।

---

विषयः– उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं हेतु आरक्षित वन भूमि के समतुल्य गैर वानिकी भूमि वन विभाग को उपलब्ध कराये जाने के सम्बंध में ।(पत्र 17A दि 12.04.2021)

महोदय,

उक्त के सम्बंध में अवगत कराना है कि उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं हेतु ग्राम मादौर में ग्राम समाज भूमि गाटा संख्या 2866ग उपलब्ध वन भूमि से लगी हुई सीमा से दो भागों में क्रमशः 2.0112 हे0 तथा 0.8223 हे0 संहित कुल 2.8335 हे0 वन भूमि मादौर ग्राम समाज के गाटा सख्या 2866 मि0 में उक्त भूमि चिंहित कर आरक्षित कर दी गई है । चयनित भूमि विवाद रहित है तथा उसके आने–जाने हेतु पहुॅच मार्ग भी उपलब्ध है ।

15.04.2021
(कृष्णा नन्द तिवारी)
उप जिलाधिकारी, महावन
मथुरा ।
उप जिलाधिकारी
महावन (मथुरा)

प्रतिलिपिः–

1– जिलाधिकारी महोदय मथुरा को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित ।
2– प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मथुरा को सूचनार्थ प्रेषित ।
3– तहसीलदार महावन को इस निर्देश के साथ कि वन भूमि के हस्तान्तरण प्रकरण में चयनित गैर वन भूमि को किसी अन्य प्रयोजन हेतु उपयोग में न ले ।

(कृष्णा नन्द तिवारी)
उप जिलाधिकारी, महावन
मथुरा ।

उप जिलाधिकारी महोदय
महावन

---

कृपया कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, मथुरा के पत्रांक 3187/14–1 दिनांक 06.04.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जो ग्राम मादौर में खसरा संख्या 2866ग से लगी हुई गैर वन भूमि रकवा 2.8335 हे0 चिंहित कर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है ।

उक्त के अनुपालन में स्थलीय जांच की गई । खसरा संख्या 2866ग से संलग्न खसरा संख्या 2866मि0 में रकवा 2.8335 हे0 भूमि मौके पर उपलब्ध है जो ग्राम समाज के खाते की भूमि है । चयनित भूमि विवाद रहित है तथा उसके आने–जाने हेतु पहुँच मार्ग भी उपलब्ध है ।

आख्या सादर सेवा में प्रेषित है

15.04.2021

तहसीलदार,
महावन

09/4/2021

# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग,मथुरा ।

पत्रांक / मथुरा, दिनांक 06/04/.2021.

सेवा में,

क्षेत्रीय वन अधिकारी,
बल्देव ।

विषय :– वन भूमि के हस्तान्तरण प्रकरण में गैर वनभूमि उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में ।

आपको अवगत कराना है कि उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा तथा लोक निर्माण विभाग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रकरणों में प्रभावित हो रही आरक्षित वन भूमि के समतुल्य गैर वन भूमि उपलब्ध कराने हेतु आज दिनांक 03.04.2021 को जिलाधिकारी, मथुरा की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया कि उप जिलाधिकारी, महावन गैर वन भूमि आरक्षित वन भूमि की सीमा से सटे खसराओं में चिन्हित करेंगे । आपको मादौर ग्राम में आरक्षित वन भूमि के गजट नोटिफिकेशन के प्रति आपको इस आशय से संलग्न कर दी जा रही है कि आप दिनांक 05.04.2021 को तत्काल उप जिलाधिकारी, महावन से सम्पर्क स्थापित कर मादौर वन ब्लाक के खसरा संख्या–2866ग से लगी हुई गैर वन भूमि चिन्हित कराने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत करावें ।

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मथुरा ।

पत्रांक 3187 / 141 दिनांकित ।

1– जिलाधिकारी, मथुरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
2– मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद मथुरा को सूचनार्थ प्रेषित ।
3– उप जिलाधिकारी, महावन को संलग्नक सहित सूचनार्थ प्रेषित ।
4– उप प्रभागीय वनाधिकारी, सादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आप उप जिलाधिकारी, महावन से सम्पर्क स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें ।
5– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, मथुरा को सूचनार्थ प्रेषित ।
6– परियोजना प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड (सूडा इकाई) मथुरा को सूचनार्थ प्रेषित ।

535 **संलग्नक :– उपरोक्तानुसार ।**

Tah(M)
कृपया जाँचकर नियमानुसार
आवश्यक कार्यवाही करें।
उप जिलाधिकारी
महावन
09/4/2021

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मथुरा ।

6705



Tehsms
13.04.2021